Bareilly, Monday,
27 March 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 02 : Middle

'मैं खूबसूरत हूं' का मंचन कर मोह लिया सब का मन

रिद्धिमा में रोमांटिक प्ले मैं खूबसूरत हूं का मंचन किया गया

अपने अभिनय से जीत लिया सब का मन.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (26 March): एसआरएमएस रिद्धिमा में संडे को रोमांटिक प्ले मैं खूबसूरत हूं का मंचन किया गया. यशपाल की कहानी पर आधारित, अख्तर अली के नाट्य आलेख पर रिद्धिमा प्रोडक्शन की ओर से प्रस्तुत इस नाटक को शैलेंद्र शर्मा ने निर्देशित किया. इसकी कहानी शुरू होती है, अस्पताल के एक कमरे से, जहां एक लड़की सुगंधा का इलाज चल रहा है. सुगंधा जीना नहीं चाहती पर डॉक्टर उसे बचने के लिए अपनी पूरी जान लड़ा रहे है. सुगंधा के साथ उसके दूर के मामा भी है, जिस वार्ड में सुगंधा उपचाराधीन है उसी में एक और मरीज उमंग को लाया जाता है.

विचारों में परिवर्तन

उमंग बहुत ही जिंदादिल है और जिंदगी को जीना बहुत अच्छी तरह से जानता है. इलाज के दौरान उमंग नर्सों के साथ मजाक मस्ती करता रहता है. उसे फोटोग्राफी का भी शौक है, वह सुगंधा के भी फोटो लेता है. उमंग से मिलने के बाद सुगंधा के विचारों में परिवर्तन होता है और वह ठीक हो जाती है.